<u>आकाषवाणी जयपुर–अजमेर</u>

<u>प्रादेषिक समाचार</u>

दिनांकः 24.06.2026 समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का चार जुलाई को जयपुर मेट्रो के दूसरे चरण के शिलान्यास का कार्यक्रम।

- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने पचपदरा रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स के संचालन को लेकर उच्च स्तरीय बैठक की।

- प्रदेश के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर जल्द ही खिलौना बैंक शुरू होगें।

- देश में छोटे और दूर–दराज के शहरों के लोगों की आसानी के लिए पासपोर्ट सेवा केन्द्रों का नेटवर्क लगातार बढाया जा रहा है।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज जयपुर के सांगानेर विधानसभा क्षेत्र में 631 करोड़ रुपये से अधिक के 1 हजार 538 विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सीवरेज सफाई के लिए सुपर सकर मशीन, कचरा उठाने के लिए अत्याधुनिक मैकेनिकल लिटर पिकर मशीन को रवाना किया। स्वच्छ सर्वेक्षण–2026 की जनजागरूकता के लिए ब्रांडिंग ऑटो को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। साथ ही उन्होंने लाभार्थियों को स्वामित्व कार्ड वितरित किए। समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कि सरकार राजधानी जयपुर के समग्र विकास के लिए लगातार काम कर रही है। श्री शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चार जुलाई को जयपुर मेट्रो के दूसरे चरण का शिलान्यास करेंगे।

.........................

समारोह में शहरी और ग्रामीण सेवा शिविरों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ये लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने का माध्यम बन रहे हैं।

........................

क्रार्यक्रम में संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा और जयपुर सांसद मंजू शर्मा सहित जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

000

पचपदरा रिफाइनरी से राजस्थान देश की ऊर्जा सुरक्षा का मजबूत स्तम्भ बनेगा। साथ ही ये प्रोजेक्ट प्रदेश का ग्रोथ इंजन साबित होगा। ये बात मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज अपने आवास पर हुई पचपदरा रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स की उच्च स्तरीय बैठक में कही। श्री शर्मा ने रिफाइनरी की प्रगति और संचालन के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जल्द ही इस रिफाइनरी का शुभारंभ करेंगे। बैठक के दौरान एचआरआरएल प्रबंधन की ओर से मुख्यमंत्री को रिफाइनरी से निकल रहे विभिन्न उत्पादों के नमूने भेंट किये गये। गौरतलब है कि रिफाइनरी से कई प्रकार के प्रोडक्ट्स का उत्पादन शुरू हो चुका है।

000

प्रदेश के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 3 से 6 साल तक के बच्चों के लिए शाला पूर्व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का विशेष अभियान शुरू किया गया है। 5 जुलाई तक चलने वाला यह अभियान महिला और बाल विकास विभाग की ओर से चलाया जा रहा है। समेकित बाल विकास सेवाएं– आईसीडीएस निदेशक वासुदेव मालावत ने बताया कि अभियान के तहत सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर खिलौना बैंक की स्थापना के साथ प्रवेशोत्सव और वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 30 जून तक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका अपने क्षेत्र में घर–घर संपर्क कर जन समुदाय को खिलौना बैंक की जानकारी देंगी। 3 से 6 वर्ष के छूटे हुए बच्चों का चिन्हिकरण कर अभिभावकों को 1 जुलाई के कार्यक्रम के लिए आमंत्रित करेंगी। उन्होंने बताया कि एक जुलाई को सुबह 9 बजे सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर खिलौना बैंक का शुभारम्भ होगा।

000

आरपीएससी के कार्यवाहक अध्यक्ष लेफ्टिनेंट कर्नल केसरी सिंह ने आज जयपुर लोकभवन पहुंचकर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से मुलाकात की। श्री बागडे से उनकी ये शिष्टाचार भेंट थी। गौरतलब है कि आयोग के सदस्य श्री केसरी सिंह को हाल ही में कार्यवाहक अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

000

इन्स्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउन्टेंट्स ऑफ इण्डिया–आईसीएआई ने सीए इन्टरमीडिएट के परिणाम घोषित कर दिये हैं। परीक्षा में डोम्बिवली के शार्दुल शेखर विचारे ने देशभर में पहला स्थान प्राप्त किया है। अभिनव सतीश ने दूसरा और तीर्थ जैन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

0000

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से ग्राम विकास अधिकारी भर्ती परीक्षा का मुख्य परिणाम आज जारी हो सकता है। बोर्ड के अध्यक्ष आलोक राज ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि आज हुई बैठक में वीडीओ भर्ती के अंतिम परिणाम का अनुमोदन किया गया। इस बीच बोर्ड ने आज सुबह कृषि पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा 2026 के नतीजे जारी किए।

000

आज पासपोर्ट सेवा दिवस है। ये दिन 1967 में पासपोर्ट अधिनियम लागू होने के उपलक्ष में मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य सुरक्षित पासपोर्ट, सुगम सेवा और सशक्त नागरिक के संकल्प को दोहराना है। देश 2014 में पासपोर्ट सेवा केन्द्रों की संख्या 77 थी जो अब बढकर 545 हो गई है। पासपोर्ट सेवा दिवस पर पेश है समाचार कक्ष से हमारे सहयोगी सुदर्शन नाहर की रिपोर्ट –

000

भारतीय सेना की ओर से सीमावर्ती क्षेत्रों में वारियर्स ऑफ नेशन अवेयरनेस ट्रेनिंग कार्यक्रम शुरू किया गया है। नागरिकों को जागरूक करने और सुरक्षा सहयोग मजबूत करने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। इसके जरिये संदिग्ध गतिविधियों की सूचना सेना तक पहुंचाने की प्रक्रिया समझाने और आपदा के समय नागरिक सैन्य सहयोग को मजबूत करने के बारे में जानकारी दी जा रही है। श्रीगंगानगर जिले के संगराना, 24 और 25 आरबी गांवों से इस ट्रेनिंग की शुरूआत हुई। ये कार्यक्रम 30 जून तक चलेगा।

000

डीग जिले के कामां क्षेत्र में आज एक तेज रफ्तार कार ने करीब 10 लोगों को टक्कर मार दी। हादसे के शिकार लोग तीर्थराज विमलकुण्ड की परिक्रमा कर पैदाल जा रहे थे। सभी घायलों को कामां के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पांच की हालत नाजुक होने पर उन्हें भरतपुर के आरबीएम अस्पताल रेफर किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अचानक हुई इस घटना से भगदड़ मच गई जिसका फायदा उठाकर आरोपी चालक मौके से फरार हो गया।

000

प्रदेश में प्री–मॉनसून की बरसात कई जिलों को भिगो रही है। आंधी–बारिश की गतिविधियों के कारण पिछले कई दिनों से प्रदेश में हीटवेव से राहत बनी हुई है। जल संसाधन विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार जून महीने में अब तक 25 जिलों में असामान्य बारिश हुई है। तीन जिलों में अधिक पानी बरसा है, वहीं तीन में सामान्य और नौ जिलों में सामान्य से कम बारिश हुई है। मौसम विभाग ने आज भी 20 जिलों में गरज–चमक के साथ बरसात की चेतावनी जारी की है। वहीं उदयपुर को छोडकर कल भी सभी संभागों में कुछ स्थानों पर आंधी–बारिश की गतिविधियां बनी रहने के आसार हैं। 28 जिलों में यलो और श्रीगंगानगर, चूरू और बीकानेर तीन जिलों में बरसात का ऑरेंज अलर्ट बताया गया है। इस बीच आज हनुमानगढ में दोपहर बाद मौसम बदला और धूल का गुबार छा गया और ब्यौरा हमारी संवाददाता से–

000

बूंदी आज अपना 785वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस उपलक्ष्य में जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग की ओर से विभिन्न कार्यक्रम रखे गए हैं। कार्यक्रम की श्रृंखला की शुरूआत ऐतिहासिक गढ़ पैलेस में शहनाई वादन और गणेश पूजन के साथ हुई। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में देशी–विदेशी सैलानियों को प्रमुख स्मारकों में निशुल्क प्रवेश दिया गया। इस मौके पर पर्यटक सूचना केंद्र में चित्रकला प्रदर्शनी भी लगाई गई।

000

केंद्रीय विद्यालयों के लिए 36वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता 2025–26 का पुरस्कार वितरण समारोह कल नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल समारोह की अध्यक्षता करेंगे। श्री मेघवाल विजेता विद्यार्थियों और विद्यालयों को पुरस्कार प्रदान करेंगे।

000

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने देशभर के राष्ट्रीय राजमार्गों पर अवैध पार्किंग और अतिक्रमण हटाने का अभियान तेज कर दिया है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने बताया कि यह कार्रवाई सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार की जा रही है। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय राजमार्गों को अधिक सुरक्षित, सुगम और यात्रियों के लिए सुविधाजनक बनाना है। मंत्रालय के अनुसार, प्राधिकरण ने विभिन्न राज्यों में राष्ट्रीय राजमार्गों पर अवैध पार्किंग के 595 संवेदनशील स्थानों की पहचान की है। इन स्थानों से अवैध पार्किंग हटाने के लिए राज्य सरकारों, जिला प्रशासन और संबंधित एजेंसियों के साथ मिलकर काम किया जा रहा है।

000

देश के युवा–नेतृत्व वाले छह स्टार्टअप ने यूथ को–लैब नेशनल इनोवेशन चैलेंज–2026 के 8वें संस्करण में जीत हासिल की। यह पहल संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम– यू.एन.डी.पी. इंडिया और सिटी फाउंडेशन की ओर से अटल इनोवेशन मिशन, नीति आयोग के सहयोग से चलाई जा रही है। नीति आयोग ने बताया कि इस वर्ष के चैलेंज के लिए 28 राज्यों के स्टार्टअप से 350 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। कड़ी चयन प्रक्रिया के बाद विजेता स्टार्टअप को साढे तीन लाख रुपये का सीड ग्रांट मिला, वहीं उपविजेताओं को दो लाख बीस हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया।

000

हॉकी इंडिया ने 5 से 14 जुलाई तक ब्रिटेन दौरे के लिए 24 सदस्यीय जूनियर महिला टीम की घोषणा कर दी है। भारतीय टीम नए कोच टिम व्हाइट के नेतृत्व में जूनियर एशिया कप सहित आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की तैयारी के सिलसिले में स्कॉटलैंड और इंग्लैंड में सात मैच खेलेगी। खैदेम शिलेमा चानू युवा टीम की कमान संभालेंगी।

000